उपसभाध्यक्ष (श्री सनातन बिसि): वह तो आप कह चुके हैं।

श्री कासीराम राणा: इसलिए मैं चाहता हूं कि इस बिल को पास कर दिया जाए जिससे हमारे कॉटन ग्रोअर्स जो नियंत्रण से परेशान हैं, वह मुक्त हो पाए। धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SANATAN BISI): Now, the question is:

"That the Bill to repeal the Cotton Ginning and Pressing Factories Act, 1925, as passed by Lok Sabha, be taken into consideration."

*The motion was adopted*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SANATAN BISI): We shall now take up clause-by-clause consideration of the Bill.

*Clause 2 was added to the Bill*

*Clause 1, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.*

SHRI. H. HANUMANTHAPPA: Mr. Vice-Chairman, now we are in the third reading. Let the Minister at least assure...

SHRI VICE-CHAIRMAN (SHRI SANATAN BISI): He has already stated that.

SHRI H. HANUMANTHAPPA: He has not assured.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SANATAN BISI): No, no He has said that. (*Interruptions*). Those things are there in the Act.

SHRI KASHIRAM RANA: Sir, I move:

"That the Bill be passed."

**The question was put and the motion was- adopted.**

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SANATAN BISI): Now, we will take up the High Denomination Bank Notes (Demonetisation) Amendment Bill, 1998. Shri Yashwat Sinha.

---

## THE HIGH DENOMINATION BANK NOTES (DEMONETISATION) AMENDMENT BILL, 1998

THE MINISTER OF FINANCE (SHRI YASHWANT SINHA): Sir, I beg to move:

"That the Bill further to amend the High Denomination Bank Notes (Demonetisation) Act, 1978, as passed by the Lok Sabha, be taken into consideration."

The yearly demand for fresh currency notes has been growing at the rate of 15—20 per cent. In order to increase the production of currency/ bank notes, Govt. has initiated several measures like (1) modernisation of existing two note- printing Presses at Nasik and Dewas; (2) setting up of two new note presses under the control of RBI; (3) introduction of Rs. 500 note to relieve pressure on Rs. 100 denomn. note; and (4) import of printed notes to the extent of 3600 million pieces (2000 million of Rs. 100 and 1600 million pieces of Rs. 500 denomn) of a total face value of Rs. 1,00,000 crores. Despite these measures, the demand-supply gap of fresh notes is expected to go upto 12680 million pieces by 2005. The year-wise gap is as follows:

| Year | Shortfall | |
|---|---|---|
| 1998-99 | 5574 | Million pieces |
| 1999-00 | 2300 | Million pieces |
| 2000-01 | 4350 | Million pieces |
| 2001-02 | 6600 | Million pieces |
| 2002-03 | 7480 | Million pieces |
| 2003-04 | 9580 | Million pieces |
| 2004-05 | 12680 | Million pieces |

The Government has, therefore, proposed to print Rs. 1000 note in order that the note-supply position in the country is improved.

Sir, prior to 1978, we had in circulation high denomn. notes of Rs. 1000, Rs. 5000 and Rs. 10000 However, as per provisions of the High Denomination Bank Notes (Denomination) Act, 1978, all these high demonetisation notes have ceased to be legal tender in payment or on account at any place on 16.1.78, i.e., the date on which the above mentioned Act had come into force. In order to facilitate issue of the proposed Rs. 1000 note, the High Denomination Bank Notes (Demonetisation) Act, 1978, would require amendment.

While the preamble to High Denomination bank Notes (Demonetisation) Act, 1978, states that "the availability of high denomination banknotes facilitates the illicit transfer of money for financing transactions which are harmful to the national economy or which are

for illegal purposes, I am sure that the honourable Membrs of this august House will share my view that the root causd for illegal cash transaction lies not in notes of high denomination but else-where.

It is well known fact that the purchasing power of the rupee has gone down considerably since 1978, i.e., when the high denomination notes were demonetised. In terms of movement in Consumer Price Index (base 1982-100), the value of Rs. 1000 would now be only Rs. 160—which entails that an average consumer required notes of a higher face value for his normal cash transaction.

In the above background and till such time other methods of payment gain root, it would be in public interest, to introduce higher denomination note of Rs. 1000 to meet the demand of high value cash transactions. In fact the previous two Governments also had deliberated on the issue and taken an in principle decision for introducing Rs. 1000 note, though the matter was not pursued thereafter, due to change of respective Governments. Taking these factors into consideration, the hon'ble Lok Sabha had already passed the High Denomination Bank Notes (Demonetisation) Amendment Bill, 1998 at its sitting on 10.12.1998. During debate on the Bill, some hon'ble Members of that august House had, however, expressed concern on the import of printed notes from abroad. While i am aware that the import of notes was resorted to by the previous Government for a good reason, and it was ensured that the security aspect was not compromised in the whole exercise—I have categorically assured the hon'ble Members of that august House that Rs. 1000 note will be printed only within the country and under no circumstance, it will be imported.

Sir, may I now move leave of this Hon'ble House for Consideration and passing of High Denomination Bank Notes (Demonetisation) Amendment Bill, 1998.

*The question was proposed.*

SHRI H. HANUMANTHAPPA (Karnataka): Sir, I can't oppose the Bill brought by my good friend, Mr. Yashwant Sinha, but I have some suggestions to make. I hope he will consider them. As regards high demonetisation, I agree. But what about the low denomiration? I do not know whether he has seen one-rupee, two- rupee and five-rupee notes. That is poor man's money. Let not the Government of the day be blamed that it is taking care of only the rich people who will take thousand-rupee notes and keep them in their cupboards and lockers. So, the Government should assure us that the poor man will also be taken care of by printing one-rupee, two-rupee and five-rupee notes. Sir, it is imperative that the poor people are finding it difficult to use old notes, and *fevicol* is being used, *gum* is not enough! Fevicol is being used for pesting those one-rupee, two-rupee and five-rupee notes. So, please take care of the poor class also. A thousand-rupee note becomes a million-dollar note. Keeping those notes in pockets, if you go to purchase something of course, during your period, a thousand-rupee note is required to buy even potatoes or onions, but that position should not continue—you will always have a fear in mind. So, I want a categorical assurance from the Finance Minister that one- rupee, two-rupee and five-rupee notes will also be printed for the benefit of the public, for the benefit of the poor people, of this country with this, I support the Bill.

श्री संघ प्रिय गौतम (उत्तर प्रदेश): उपसभाध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से केवल एक स्पष्टीकरण चाहता हूं कि हर नोट का डुप्लीकेट, हर जगह एवेलेबल है। कल जब मैं लाइब्रेरी में जा रहा था तो दरवाजे के सामने पचास रुपए का एक नकली नोट था। लेकिन उस पर मटका छपा हुआ था। मेरा भय यह है कि जितना बड़ा नोट होगा तो नकली नोट छापकर चीटिंग करने वालों का एमाउन्ट भी बहुत ज्यादा होगा। चीटिंग बहुत बड़े पैमाने पर होगी। गरीब और छोटे आदमी को चीटिंग का बहुत बड़ा नुकसान होगा। इसलिए मैं मंत्री जी से स्पष्टीकरण चाहूंगा कि क्या वे इस ऑस्पेक्ट को अपने विचार में लाये हैं कि चीटिंग का क्या प्रभाव होगा, इतने बड़े नोट से?

श्री नरेश यादव (बिहार): उपसभाध्यक्ष महोदय, माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा जो उच्च मूल्य बैंक नोट संशोधन विधेयक, 1998 लाया गया है मैं उसका विरोध करता हूं चूंकि मैं इस बात को जानता हूं कि आज जरूरत है छोटे नोटों को छापने की। बाजार में गरीब आदमी सब्जी, तेल और नमक खरीदने जाता है तो उसे दो रुपए, पांच रुपए और दस रुपए का नोट नहीं मिलता है। हिन्दुस्तान

का 85 परसेंट आबादी, आम उपभोक्ता इन नोटों का उपयोग कर रहा है। इनको बाजार में समान खरीदने की चिंता नहीं है बल्कि हजार के नोट को छापने की चिंता है। हजार के नोट को छापने से किसको फायदा होगा? इससे आम लोगों को फायदा नहीं होगा। इससे व्यापारियों और जमाखोरों को फायदा होगा। चूंकि इस सरकार का इन लोगों से स्वभाव मिलता है तो इनको इससे जमा करने में ही सुविधा हो जायेगी। इसलिए यह नोट जानबूझकर छापा जा रहा है। कालाबाजारी करने वालों व जमाखोरों को इससे फायदा होगा। हम यह जानना चाहते हैं कि आप ऐसे गंदे नोट क्यों छापते हैं जो एक वर्ष में इतने खराब हो जाते हैं? उन नोटों को कोई दुकानदार लेना पसंद नहीं करता है। अगर हम दुकानदार को पांच रुपए या दस रुपए का नोट दें तो वह लेने को तैयार नहीं होता है। तो कम से कम ऐसा कर दीजिए कि छपाई में ध्यान रहे और मंत्री जी, नोट छापने के बाद यह लगे कि यह इस देश की करेंसी है, इस देश के नोट हैं।

मंत्री जी, आपसे मैं एक और बात कहना चाहूंगा। सौ दस रुपए और 500 रुपए के नोट लगभग एक समान ही लगते हैं। इसलिए इनके बीच ऐसा अंतर करिए, हालांकि अंतर है, लेकिन करीब-करीब एक जैसे लगते हैं और 500 रुपया का नोट 100 रुपए में चला जाता है। 100 रुपए के बदले 500 रुपए चले जाते हैं। इसलिए कुछ ऐसा करें जिससे इन नोटों में फर्क लगे। 10 रुपए के, 100 रुपए के और 500 रुपए के नोटो में फर्क लगे ऐसा आप कुछ कीजिए।

अंत में एक बात कहकर मैं अपनी बात समाप्त करूंगा। माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, आपके माध्यम से मैं कहना चाहता हूं कि देश में सिक्कों की भी बहुत कमी हो गई है। कुछ सिक्के ऐसे भी आते हैं तो छपने के कुछ समय बाद ही घिस जाते हैं और लोग उनको लेने के लिए तैयार नहीं होते हैं। नोटों की गुणवत्ता में भी अवश्य सुधार कीजिए यह भी मैं आपसे आग्रह करना चाहूंगा।

इन शब्दों के साथ मैं मंत्री महोदय द्वारा लाए गए इस संशोधन का विरोध करता हूं।

**श्री जलालुदीन अंसारी** (बिहार): उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं कहना चाहूंगा कि यह नोट की छपाई होती है, यह विदेशों में होती है। तो क्या एक हजार वाले नोटों की छपाई भी विदेशों में होगी?

**उपसभाध्यक्ष (श्री सनातन बिसि)**: उन्होंने बोल दिया है कि नहीं होगी। यह उन्होंने बोल दिया।

**श्री जलालुदीन अंसारी**: दूसरी बात यह है कि एक हजार के नोट छापने से किन को फायदा होगा। जो सर्वसाधारण लोग हैं उनको तो सौ टका भी नहीं दिखलाई पड़ता, पांच सौ भी नहीं दिखलाई पड़ता। तो एक हजार के नोट तो केवल बड़े लोगों के लिए हैं। वही इनका उपभोग करेंगे। इसलिए मुझे आशंका होती है ब्लैक मनी बढ़ाने में हजार रुपए का नोट मदद करेगा। क्या आप इसको रोक पायेंगे, यह मैं जानना चाहता हूं?

अभी हमारे माननीय साथी हनुमनतप्पा जी ने जो कहा है यह सही कहा है कि हमें एक रुपए, दो रुपए के नोट तो दिखलाई ही नहीं पड़ते लेकिन अब 5 रुपए के नोट की भी कमी हो गई है। मैं वित्त मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि सर्वसाधारण लोग जो 2 रुपए, 5 रुपए का सामान खरीदते हैं उनके पास ये नोट होते ही नहीं। इसलिए इनको छापने की व्यवस्था आप करें ताकि हमारे जो गरीब लोग हैं उनका भी कुछ धंधा चले, वे उन पैसों से अपना सामान खरीद सकें। एक और दो रुपए के नोट भी दिखलाई नहीं पड़ते और पड़ते भी हैं तो उनको कोई लेने वाला नहीं है, बिल्कुल रद्दी है। मैं समझता हूं कि इस पर वित्त मंत्री जी का ध्यान जाना चाहिए। मैं आशा करता हूं कि मंत्री जी इन बातों का ख्याल रखेंगे। ठीक है नोट छपेंगे और यह बड़ी खुशी की बात है कि अब अपने देश में छपेंगे। टेक्नालाजी के इस युग में अगर हम विदेशों में छापेंगे तो यह हमारे लिए लज्जा की बात होगी।

**उपसभाध्यक्ष (श्री सनातन बिसि)**: विदेशों में नहीं छापेंगे, बोल दिया है।

**श्री जलालुद्दीन अंसारी**: उपसभाध्यक्ष जी, थोड़ा सा बोलने दीजिए। एक हजार और 500 रुपए के नोट देखने को नहीं मिलते हैं, एक हजार रुपया कभी देखने को मिलेगा भी या नहीं। इसलिए हजार की चर्चा हजार की तरह होनी चाहिए। हालांकि एक, दो और पांच रुपए के नोट दिखाई नहीं दे रहे हैं लेकिन हमें आशंका है कि हजार रुपए के नोटों से ब्लेकमनी वाले ही फायदा उठायेंगे, इस दिशा में आपका ध्यान जाना चाहिए। इन शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

†شری جلال الدین انصاری: اپ بھا
ادھیکش مہودے۔ میں کہنا چاہوں گا کہ یہ
جو نوٹ کی چھپائی ہوتی ہے یہ ودیشوں
میں ہوتی ہے تو کیا ایک ہزار والے نوٹوں
کی چھپائی بھی ودیشوں میں ہوگی۔
اپ سبھا ادھیکش "شری سناتن بسی"

†[ ] Transliteration in Arabic Script

बालकल रद्दी हैं - मैं समझता हूं कि इस पर भी वित्त मंत्रालय का ध्यान जाना चाहिये - मैं आशा करती हूं कि मंत्री जी इन बातों का ख्याल रखेंगे - ठीक है नोट छापेंगे - और यह बड़ी खुशी की बात है कि अपने देश में छापेंगे - मैं कलाम जी के इस दौर में अगर हम विदेशों में छपायेंगे तो यह हमारे लिये शर्म की बात होगी -

अप सभापति महोदय : विदेशों में नहीं छापेंगे - बोल दिया है -

श्री जलालुद्दीन अंसारी : अप सभापति महोदय जी थोड़ा इसको बोलने दीजिये - एक हजार और पांच सौ रुपये के नोट देखने को नहीं मिलते हैं - एक हजार रुपया कभी देखने को मिलेगा भी या नहीं - इसलिये हजार की जगह पांच हजार की छपाई होनी चाहिये - हालांकि एक दो और पांच के नोट दिखाई नहीं दे रहे हैं लेकिन हमें आशंका है कि हजार रुपये के नोटों से ब्लैक मनी वाले ही फायदा उठायेंगे इस तरफ आपका ध्यान जाना चाहिये - इन लफ्जों के साथ मैं अपनी बात खत्म करता हूं -]

**डा. (श्रीमती) उर्मिला चिमनभाई पटेल** (गुजरात): महोदय मुझे आपने इस पर बोलने का समय दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद।

महोदय, मंत्री जी ने हजार रुपए के नोट छापने का जो प्रस्ताव रखा है, इसका मैं सपोर्ट करती हूं। आज जब 50 रुपए या सौ का नोट बाजार में लेकर जाते हैं तो कुछ आता ही नहीं है। पांच सौ या हजार रुपये ले कर ही जाना पड़ता है। अगर इतना पैसा से कर जाना ही है तो एक हजार का

उन्होंने बोल दिया है कि नहीं हो गी - ये उन्होंने बोल दिया -

श्री जलालुद्दीन अंसारी : दूसरी बात ये है कि एक हजार के नोट छापने से किस को फायदा हो गा - जो सरोसादधारन लोग हैं उनको तो दो टका भी दिखाई नहीं पड़ता - ५०० भी दिखाई नहीं पड़ता तो एक हजार के नोट तो सिर्फ बड़े लोगों के लिये हैं - वही उनका इयूज करेंगे - इसलिये मुझे खतरा है कि ब्लैक मनी बढ़ाने में हजार रुपये का नोट मदद करेगा कि आप उसको रोक पायेंगे - ये मैं जानना चाहता हूं - अभी हमारे माननीय साथी सोमनाथ चटर्जी ने जो कहा है वह सही कहा है कि हमें एक रुपया दो रुपये के नोट तो दिखाई नहीं पड़ते लेकिन अब पांच रुपये के नोट की भी कमी हो गई है - मैं वित्त मंत्रालय से कहना चाहूंगा कि सरोसादधारन लोग जो दो रुपये पांच रुपये का सामान खरीदते हैं उनके पास ये रुपये होते ही नहीं इसलिये उनको छापने की व्यवस्था आप करें ताकि हमारे जो गरीब लोग हैं उनका भी कुछ धंधा चले वे उन पैसों से अपना सामान खरीद सकें एक और दो रुपये के नोट भी दिखाई नहीं पड़ते और पड़ते भी हैं तो उनको कोई लेने वाला नहीं है -

नोट होना भी ज़रूरी है। (व्यवधान) मैं उनके प्रस्ताव को सपोर्ट करती हूं लेकिन दो तीन बातों की तरफ उनका ध्यान दिलाना चाहती हूं। जो हमारे एक रुपये, दो रुपये पांच रुपये दस रुपये, पचास रुपये और सौ रुपयें, पांच सौ रुपये के नोट हैं, अब हजार रुपये के नोट भी आंएगे उनकी ड्युरेबिलिटी के बारे में मुझे यह कहना है कि जो ज्यादा कीमत के नोट हैं, उनकी तो क्वालिटी अच्छी होती है लेकिन जो छोटे छोटे कीमत के नोट है उनकी हालत तो ऐसे हो जाती है कि दो पार्ट हो जाते हैं और प्लास्टिक के कवर में एक रुपये, दो रुपये के नोट रख कर हम लोग देते हैं कि यह रखो, यह स्पयेर पार्ट्स है, यह चलेगा। जो नोट कामन मैन यूज़ करता है, जिसका प्रयोग ज्यादा होता है, ऐसे नोटों की ड्युरेबिलिटी के बारे में सोचा जाए और अच्छी क्वालिटी का बनाया जाए। इसके बारे में मंत्री जी ज़रूर देखें।

दूसरी बात यह है कि हमारे जैसे उम्र के लोगों का यह हाल है कि नोटों का एक ही साइज और ज्यादा डिस्टिंक्शन ने होने की वजह से देखने में भी तकलीफ होती है और कभी-कभी ऐसा भी हो जाता है कि एक सौ रुपये के नोट के बदले पांच सौ रुपये का नोट भी चला जाता है। अगर एक हजार का नोट आ जाएगा तो एक सौ रुपये के बदले एक हजार का नोट भी चला जाएगा। इसलिए नोटों के साइज़ अलग अलग हों, कलर की डिस्टिंक्शन को हम देख सकें, यह भी जरूरी है। अलग-अलग नोटों के अलग-अलग कलर भी अलग हों और साइज़ भी अलग-अलग रखे जाएं।

तीसरी बात यह है कि कई बार मार्किट में डुप्लीकेट नोटों का चलन हो जाता है, जाली नोट आ जाते हैं। इसके बारे में आप विशेष ध्यान दीजिये। जब एक हजार रुपये का जाली नोट होगा तो उसका घाटा भी ज्यादा होगा। आप जितने भी 50, 100, 500 और 1000 के नये नोट निकालें तो उसमें कुछ ऐसा स्पेशल करना चाहिये जैसे वायर लगाई जानी चाहिये ताकि जाली नोट चलन में नहीं आ सके। अब सवाल यह है कि जो एक हजार का नोट होगा, उस पर मोहरा किस का होगा, फेस किस का होगा। मैं यह सुझाव देती हूं कि डा. बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी का मोहरा इसके ऊपर हो तो यह आजादी की 50वीं वर्षगांठ के लिए बहुत एप्रोप्रियेट होगा। इसके बारे में मंत्री जी जरूर पोज़िटिब्ली निर्णय करेंगे। यह मेरा सुझाव है।

एक बात और जो इस बिल ये संबंधित नहीं है लेकिन मैंने 15 दिसम्बर को सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्य तिथि के अवसर पर एक रुपये और पांच रुपये के सिक्के जारी करने के बारे में निवेदन किया था। केबिनेट मंत्री जी को शायद इस बात से अवगत करा दिया गया होगा। एक रुपये और पांच रुपये के सिक्के पर सरदार वल्लभ भाई पटेल का मोहरा लगाने के बारे में मंत्री जी जरूर निर्णय कर के यदि आज ही यह घोषणा करें तो ज्यादा अच्छा होगा। मैं इतनी बात कह कर अपना वक्तव्य समाप्त करती हूं। धन्यवाद।

SHRI R.K. KUMAR (Tamil Nadu): Mr. Vice-Chairman, Sir, I rise to support this Bill with one or two small observations. It is a welcome step. Now high denomination notes would come into existence. The argument that it will generate black money is of no use or consequence because as an Accountant I know that black money is not only stored in currency notes, but it is mostly stored in stock market, in real estate and in so many other forms. This argument does not hold good. When notes of five hundred rupees came in the market, there was a premium of Rs. 2,000 on a bundle of Rs. 50,000. You pay a premium of Rs. 2,000 and get one bundle of Rs. 50,000. Therefore, the demand and the supply should be assessed properly and there should be adequate supply so that there is no premium on a note of one thousand rupees.

So far as small notes are concerned, I know that there is a problem. In fact, one hon. Member showed a small denomination note of very bad quality. The Government is already coinaging these small denomination notes because durability of these small denomination notes is very bad. I would like to make one suggestion. (*Interruptions*). I am coming to that point. I have seen the mint.

The capacity of the coin mints in Bombay and Nasik is very small. The Government should go in for increased capacity mints. I also suggest that instead of ten-rupee notes, we should have ten- rupee coins because these small notes change hands very frequently. The most important point that I want to raise is this; this has come to my notice. No doubt, we have our press, the security press, for printing currency notes. The ink which is used for printing these notes is a specialised ink. There is a project in India with a technical knowhow from abroad, and this has been approved by the Government of India. One thing has come to my notice and I would request the hon. Finance Minister to make an enquiry into this. An order has been placed for import of ink from

the U.K., and the L.C. has been transferred to Singapore. The Indian-made ink goes to Singapore and comes back to India...(*Interruptions*)

SHRI JOHN F. FERNANDES (Goa): Like onions.

SHRI R.K. KUMAR: I would like the hon. Finance Minister to look into this aspect. The Indian-made ink goes to Singapore and comes back to India as foreign ink. Why should it be so? Let us be honest and by our own Indian product. When we are assuring the nation that we will print the notes here, why do we import the ink? The ink should also be ours. We should be straightforward about it. This is one thing into which I would like the hon. Finance Minister to enquire. He should also ensure that the locally available ink is used in printing, if the same has been approved by the Government of India. Finally, I am not bothered about printing of hundred-rupee or thousand-rupee notes. But the Minister admitted and said that the present value of Rs. 1,000 is equivalent to the value of Rs. 160 in 1978. The value of the money is going down This is more important. I wish that he would arrest this trend, and that he would see to it that the value stands at Rs. 160 and not go down further. I am sure that the hon. Finance Minister will take care of this aspect as well.

SHRI M. VENKAIAH NAIDU (Karnataka): Mr. Vice-Chairman, Sir, whatever I wanted to say, Madam Urmilaji has said. I only want to emphasise that this year being the Birth Centenary of Dr. Babasaheb Ambedkar and Sardar Vallabhbhai Patel, the notes which are to be printed now should carry the pictures of these two great leaders of India.

SHRI V. P. DURAISAMY (Tamil Nadu): Sir, I just want to put one or two question by way of clarification. The Government of India is importing printing paper from abroad. This should be looked into in order to prevent counterfeiting. We are importing printing paper from abroad. The Government should be very vigilant. This should not lead to counterfeiting. Secondly, the paper used for two-rupee or five-rupee notes is not of good quality; that is why they become soild in no time. So, the quality should be improved.

Thirdly, instead of introducing thousand-rupee notes, why cannot the Government come forward with introduction of thousand-rupee coins? You cannot counterfeit a coin. The printing expenditure is also reduced and counterfeiting can be avoided. Finally, I would like to know from the Government whether the Government is going to print the picture of the Father of our Nation, Mahatma Gandhi, or the picture of any other leader, on the new notes.

श्री गांधी आज़ाद (उत्तर प्रदेश): धन्यवाद महोदय, यह जो उच्च मूल्य बैंक नोट (विमुद्रीकरण) संशोधन विधेयक, १९९८ लाया गया है मैं इसके विरोध में खड़ा हुआ हूं क्योंकि यह सामान्यजन के हितों के लिए नहीं है क्योंकि इससे कालाबाजारी और जमाखोरी बढ़ेगी।

मंत्री जी से मैं पूछना चाहता हूं कि जब 1978 में इस नोट का चलन था तो किन परिस्थितियों के कारण इस नोट के प्रचलन को समाप्त किया गया और आज कौन-सी परिस्थितियां क्रीएट हो गयी हैं कि इस नोट को फिर चलाने की आवश्यकता पड़ गयी। इसके साथ ही साथ मैं अपने को श्रीमती उर्मिला पटेल जी के साथ संबद्ध करते हुए यह कहता हूं, यह सुझाव रखना चाहता हूं कि जो एक हजार रुपए का नोट छापा जाए उसमें बाबा साहब डाक्टर अम्बेडकर की फोटो छापी जाए। साथ ही साथ, मैं एक और सुझाव रखना चाहता हूं कि नोट तो बड़े छपते जा रहे हैं लेकिन अशोक का जो स्तम्भ है वह बड़े नोटों में छोटा होता जा रहा है और वह भी एक किनारे होता जा रहा है। इसलिए मेरा यह सुझाव है कि अगर वह नोट में छपे तो वह बीच में और बड़ा छपे, ताकि वह स्पष्ट दिखाई दे। धन्यवाद।

SHRI JOHN F. FERNANDES: Mr. Vice-Chairman, Sir, I welcome this Bill because this is the only instrument by which Government encourages VDIS because every time they float VDIS, they say that this is the last time. Last time they collected Rs. 26,000 crores. With this I think the target of the Government should double and that is how we encourage and we support black economy in this country because there is no other way out and Government cannot come out with any other way. Sir, when we print this denomination notes we go to a foreign printing press. I do not know whether....

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SANATAN BISI): No, no, he has already stated that.

SHRI JOHN F. FERNANDES: Okey, that is very good. Mr. Vice-Chairman, Sir, we are

going to print it within our country. I would like to ask the hon. Minister whether he is going to use paper or he is going to use mixed paper plastic technology as many advanced countries have done in the world. If you go to Australia you have plastic money. The paper is made of some plastic compound and it cannot be torn. Secondly, what will be the size of the currency note? We know about the US green bag. From one dollar to 1000 dollars, the size of the paper is the same, the colour is the same. Therefore, it is called the green bag; only the number varies, 1,2,3,4, whatever it may be. I would like to know whether we are going to have standardised currency in this country That is what I had raised in many Session and also with the Governor of the Reserve Bank of India. It is not enough that we print this high denomination currency but we have to see to it that the market is equipped with a detection machine, a censor machine. When you go and produce the US dollar notes in any country, they have a censor machine to check whether it is counterfeit or genuine. I would like to know whether you are going to inculcate that technology in this currency. Everytime, day in and day out we shout that Indian economy is being flooded with counterfeit notes. Of course, we blame the ISI because we say that they want to sabotage the economy. I would like to know whether this safeguard will be introduced in this currency denomination. Sir, again the Government has mentioned that they will scrap currency notes of Re 1, Rs. 2 and Rs. 5. But, so far no action is being taken to withdraw this currency note from the market because in most of the notes of Re 1, Rs. 2, and Rs. 5 you will find in the market that they have a cello-tape on it. I would like to know whether Government will see to that this currency is withdrawn with immediate effect. Lastly, I would like a rule to be brought in this country. Whenever you go to a bank and you tender your currency there, the bank clerk invariably writes something at the back of the note and that is how we disfigure and destroy our currency. I would like to know whether a law will be brought in this country whereby mutilating currency notes by any person will be made and offence because this is happening officially in front of our eyes. We have stopped stapling it is a welcome step. I had raised it through a Special Mention in the House. This has been stopped and in the new currency note you find that there is no staple. It is only a plastic band, a paper band or a plastic band. I would like to know whether we will introduce a law in this country presenting people from mutilating notes because in Government offices, in banks and other private institutions people make notings on the currency notes. With these submissions, I hope the Government will do this at the earliest.

**मौलाना ओबैदुल्ला खान आज़मी** (बिहार): सर, इन नोटों के संबंध में मुखतलिफ़ किस्मों की राय हाउस में आई है। मैं वजीरे खजाना जनाब यशवंत सिन्हा साहब से यह गुजारिश करुंगा कि एक हजार रुपए का नोट इस से पहले भी मुल्क में चल चुका है और उस के परिणाम और उस के अंजाम से देश अच्छी तरह से वाकिफ हो चुका है। हजार रुपए के नोट से ब्लैकमार्केटिंग करने वालों के लिए तो फोर्जरी के रास्ते खुल जाएंगे, मगर गरीबों के लिए मसाइल पैदा हो जाएंगी। एक गरीब अगर एक हजार रुपए के नोट की फोर्जरी में कहीं फंसा तो उस की कमर सीधी नहीं हो पाएगी। पांच सौ रुपए के नोट तक तो लोग किसी तरह से बर्दाश्त कर लेंगे। मेरी गुजारिश है कि हमारे मुल्क में जो भी फैसले हों, उस में गरीबों को प्राथमिकता देना निहायत ही जरूरी है। ...(**व्यवधान**)... उन्हें वैसे भी कोई मशविरा नहीं दे पाऊंगा, वह खुद समझदार हैं और ज्यादा बेहतर से बेहतर तरीके निकालेंगे। मैं एक बात और अर्ज करना चाहूंगा कि एक रुपए का नोट, दो रुपए का नोट जिस तरह से चलता था और गरीब आदमी को आसानियां होती थीं, जब से एक रुपए के, दो रुपए के नोट मार्केट से गायब हुए हैं हर तरह की परेशानियां उस की वजह से पैदा हो रही हैं। मेरी गुजारिश यह होगी कि अच्छे कागज का इस्तेमाल हो और एक रुपए, दो रुपए के नोट जरूर चलाए जाएं ताकि रेजगारी के तौर पर गरीब लोग जो रुपए-पैसे का आदान प्रदान करते हैं, उस में उन के लिए आसानी हो सके। वह बेचारे न चैक जानते हैं, न ड्राफ्ट जानते हैं। आखिरी बात यह कहूंगा कि एक सौ रुपए और पांच सौ रुपए के नोट में शुबाह होता है...

**उपसभाध्यक्ष** (**श्री सनातन बिसी**): इस बारे में काफी मेंबर्स ने बोल दिया है।

**मौलाना ओबैदुल्ला खान आज़मी:** बस इतना ही कहना चाहूंगा और बाबा साहेब अंबेडकर की तस्वीर नोट पर छापने की बात आई है, मैं उस का भरपूर समर्थन करता

हूं, वह जरूर आनी चाहिए। साथ ही वजीर खजाना साहब से कहना चाहूंगा कि अगर संभव हो तो मौलाना आजाद साहब की भी तस्वीर आनी चाहिए ताकि इस मुल्क में मायनोरिटीज के एतगाह की बहाली की जो बात है, वह मजीद-बहाल हो सके। शुक्रिया।

†[मौलाना अबीद अल्लाह खां आजमी "मुबारक": सर, इन लोगों से मुतअल्लिक मुख्तलिफ किस्मों की राय हाउस में आई है। मैं वजीर खजाना जनाब यशवन्त सिन्हा साहब से गुजारिश करूंगा कि एक हजार रुपये का नोट इस से पहले भी इस मुल्क में चल चुका है और इसके नतीजे और इसके अंजाम से देश पूरी तरह से वाकिफ हो चुका है। हजार रुपये के नोट से ब्लैक मार्केटिंग करने वालों के लिए तो फौरन रास्ते खुल जाएंगे। मगर गरीबों के लिए मसाइल पैदा हो जाएंगे। एक गरीब एक हजार रुपये के नोट की फौरन जरूरत में अगर कहीं फंसा तो उसकी कहीं सुनवाई नहीं हो पाएगी। 500 रुपये के नोट तो लोग किसी तरह से बर्दाश्त कर लेंगे। मेरी गुजारिश है कि हमारे मुल्क में जो भी फैसले हों उसमें गरीबों को अहमियत देना निहायत ही जरूरी है... "मुदाखलत" इसमें वैसे भी कोई मशवरा नहीं दे पाऊंगा। वह खुद समझदार हैं। वह

†[ ] Transliteration in Arabic Script

ज्यादा बेहतर से बेहतर तरीके निकालेंगे। मैं एक बात और अर्ज करना चाहूंगा कि एक रुपये का नोट दो रुपये का नोट जिस तरह से चलता था और गरीब आदमी को जिस तरह से आसानियां होती थीं। जब से एक और दो का नोट मार्केट से गायब हुआ है हर तरह की परेशानियां इसी वजह से हो रही हैं। मेरी गुजारिश यह होगी कि अच्छे कागज का इस्तेमाल हो और एक और दो का नोट जरूर चलाये जाएं ताकि रेजगारी के तौर पर गरीब लोग जो रुपये पैसे का आदान-प्रदान करते हैं उसमें उनके लिए आसानी हो सके। वह बेचारे न चेक जानते हैं न ड्राफ्ट जानते हैं। आखिरी बात यह कहूंगा कि एक सौ रुपये और पांच सौ रुपये में सबब हो जाता है।

आप सभापति महोदय "शुक्रिया" सनातन जी सभा: इस बारे में काफी मेम्बरस ने बोल दिया है मौलाना अबीद अल्लाह खां आजमी: मैं इतना ही कहना चाहूंगा। और बाबा साहब अम्बेडकर की तस्वीर नोट पर छापने की बात आई है मैं इसका भरपूर समर्थन करता हूं वह जरूर आनी चाहिए। साथ ही वजीर खजाना साहब से कहना चाहूंगा कि अगर संभव हो तो मौलाना आजाद साहब की भी तस्वीर आनी चाहिए ताकि इस मुल्क में मायनोरिटीज के एतगाह की बहाली की जो बात है, वह मजीद-बहाल हो सके।

بھائی کی جو بات ہے وہ مزید سوال ہوسکتے۔ شکریہ
"ختم شد"

**श्री यशवन्त सिन्हा:** उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आभारी हूं सारे सदस्यों का जिन्होंने इस बहुत ही रोचक चर्चा में भाग लिया और विशेषकर उन सदस्यों का जिन्होंने इस प्रस्ताव का समर्थन किया है।

अब यह आवश्यक है क्योंकि माननीय सदस्या उर्मिला बेन ने समर्थन करते हुए कहा कि वह चाहती है कि इस नोट के ऊपर बाबा साहेब अंबेडकर जी की तस्वीर लगायी जाए और विरोध करते हुए आजाद जी ने पहले तो कहा कि छपना ही नहीं चाहिए, लेकिन अंबेडकर साहब की फोटो लगाई जानी चाहिए। यह विरोधाभास है।...(व्यवधान)... अब समर्थन कर रहे हैं। उपसभाध्यक्ष महोदय, गरीबों की चिंता जाहिर है कि सारे सदस्यों के दिल में है और कुछेक ध्वनि कहीं-कहीं से सुनाई पड़ी जैसे कि हम सिर्फ अमीरों की चिंता करते हैं। नरेश यादव जी ने यहां तक कह दिया कि इस सरकार का स्वभाव जमाखोरों के स्वभाव से मिलता है, इसलिए हम ने एक हजार रुपए के नोट की बात सुनी। महोदय, मैं नम्रतापूर्वक निवेदन करूंगा कि हर चीज में कोई-न-कोई साजिश देखना और उस को सरकार के स्वभाव से जोड़ना उचित नहीं होगा। यदि मैं तथ्य आप के सामने रखूं कि एक हजार रुपए के नोट को छापने का प्रस्ताव रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया से करीब-करीब 1994 के अंत में प्राप्त हुआ। यह नहीं है कि वित्त मंत्रालय में बैठकर आज की सरकार ने सोचा कि चलो जमाखोरों की सुविधा के लिए एक हजार रुपए के नोट छापना शुरू कर दो।

**श्री नरेश यादव:** श्रीमन् मैं ने नहीं कहा, पूरा देश कह रहा है।...(व्यवधान)...

**श्री यशवन्त सिन्हा:** आप के माध्यम से पूरे देश ने यहां बोला और मैं इस सदन के माध्यम से यह बात पूरे देश को बता रहा हूं।

**मौलाना ओबैदुल्ला खान आज़मी:** आप तो बेहतर-से-बेहतर कर सकते हों, उस की बात करें।...(व्यवधान)...

**श्री यशवन्त सिन्हा:** उपसभाध्यक्ष महोदय, यह प्रस्ताव 1994 के अंत में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया से प्राप्त हुआ और जैसाकि मैं ने अपने वक्तव्य में कहा, उस के बाद उस समय की सरकार, कांग्रेस पार्टी की सरकार ने यह नीतिगत फैसला लिया कि इस प्रकार के नोट छपने चाहिए। अब आप जानते हैं कि सरकार में नीतिगत फैसले हो जाने के बाद भी काफी विलंब होता है क्योंकि प्रक्रिया इतनी जटिल है कि समय लगता है। फिर वह फैसला पूरा नहीं हो सका, सदन में वह बिल नहीं ला सके। उस के बाद की सरकार के बहुत सारे सदस्य जो यहां बैठे हैं, वह सारे उस सरकार में शामिल थे और उस सरकार ने कैबिनेट स्तर पर फैसला किया कि हम एक हजार रुपए का नोट छापेंगे। जब हमारी सरकार आई तो हमने देखा कि यह फैसला हुआ था। हमने उसकी जांच-पड़ताल की और जांच-पड़ताल करने के बाद हम भी इस नतीजे पर पहुंचे, जिस पर पहले दो सरकारें पहुंची थीं, कि आज की परिस्थितियों को देखते हुए शायद उचित होगा कि हम एक हजार रुपए का नोट छापें। यह कांग्रेस की सरकार ने शुरू किया था और जिसमें संयुक्त मोर्चा की सरकार का बड़ा योगदान रहा, वहां से हम यहां तक पहुंचे हैं। इस सदन के समक्ष बिल लाने में जरूर हम निमित्त मात्र हैं, लेकिन इसका फैसला, जैसा मैंने कहा, होता रहा है पिछली सरकारों में। अब यहां पर बात आई कि हम गरीबों की चिंता नहीं कर रहे हैं क्योंकि एक हजार रुपए का नोट गरीबों के हाथ में तो नहीं जाएगा, लेकिन मैं यह कहना चाहूंगा कि यह जो काला-बाजारी के साथ या काले धन के साथ हम जो तत्काल उसको जोड़ देते हैं, यह सही नहीं है। यह सही है कि वर्ष 1978 में यह फैसला किया गया डीमोनेटाइज़ेशन का, उसके बाद 1987 में, तब तक 9 वर्ष गुजरे, 1987 में उसी पार्टी की सरकार ने फैसला किया कि हम पांच सौ रुपए का नोट छापेंगे। पांच सौ रुपए का नोट क्यों छापेंगे? क्योंकि उसकी आवश्यकता महसूस हुई। उसके गुण-दोष में मैं नहीं जा रहा, लेकिन परिस्थितियां बदल गई हैं। नौ वर्षों के बाद 1987 में पांच सौ रुपए का नोट छापा गया और अब उसके बाद ग्यारह वर्ष गुजर गए हैं, जैसा मैंने कहा, एक ऐतिहासिक परिप्रेक्षण में हम एक हजार रुपए का नोट छपने का यह बिल ला रहे हैं। सरकारें सिर्फ अमीर आदमी की बात सोच रही है और गरीबों की चिंता नहीं कर रही हैं, यह सोचना अपने आप में सही नहीं है। गरीबों की चिंता के लिए यह सही है कि हमें छोटे डीनोमिनेशन के जो नोट हैं उसकी चिंता करनी पड़ेगी। मैं सदस्यों की उस भावना से अपने को पूरी तरह से जोड़ते हुए कहना चाहता हूं कि यह उस समय की सरकार द्वारा, जैसा अभी कुमार साहब कह रहे थे, चूंकि छोटे नोटों को, एक रुपया, दो रुपया, पांच रुपया का नोट छापने में पैसा ज्यादा खर्च होता है और वह चलता कम है, इसलिए फैसला किया गया कि हम उसको कोइनाइज कर दें, उसके सिक्के प्रचलित कर दें।

उपसभाध्यक्ष महोदय, वर्ष 1994 के सितंबर महीने में एक रुपए का नोट छापने का काम बंद हो गया इस देश

में और यह तय हुआ कि अब सिर्फ सिक्के चलेंगे। फिर जनवरी, 1995 में दो रुपए का नोट छापने का काम बंद हो गया और यह तय हुआ कि सिर्फ सिक्के चलेंगे और उसके बाद नवंबर, 1995 आते आते यह तय हो गया कि पांच रुपए का नोट नहीं छापा जाएगा, सिर्फ सिक्के चलेंगे। तब से लेकर आज तक, जब यह चर्चा हो रही है, फटे नोटों को दिखाया जाता है, फेविकोल से चिपके नोटों को दिखाया जाता है, प्लास्टिक की थैली में रखकर दिखाया जाता है या प्लास्टिक की चीज में दिखाया जाता है कि देखो, यह नोट की हालत क्या हो गई है, यह स्थिति इसीलिए आई है क्योंकि सितंबर 1994 से लेकर नवंबर 1995 के बीच में हमने तय किया, उस समय की सरकार ने तय किया कि हम इन डीनोमिनेशन का नोट नहीं छापेंगे और तब से नोट छप नहीं रहे हैं, पुराने नोट चल रहे हैं क्योंकि वह लीगल टेंडर है। तो जाहिर है कि इन नोटों के चलते चलते, एक हाथ से दूसरे हाथ जाते-जाते उनकी हालत खस्ता हो गई है, लेकिन अब इनके बदले कोइन्स आ गए हैं।

**श्री एच॰ हनुमनतप्पा:** एक मिनट, सर। ऐसी स्थिति में आप स्पष्ट कीजिए, एक डेट फिक्स करके कि उस दिन तक जो छोटे-मोटे फटे नोट हैं आप एक्सचेंज कर देंगे और उसके बाद वह चलन में नहीं आएंगे, चलन में नहीं रहेंगे। इस तरह का यह एक सराहनीय मार्ग होगा। इस तरह से फटे नोटों को फेविकोल या गम लगाने के बजाय आप लोगों को तीन महीने का या पांच महीने का टाइम दे दीजिए कि उसके बाद यह एक रुपए का, दो रुपए का या पांच रुपए का फटा नोट नहीं चलेगा और इनके बदलने के लिए आप ट्रेजरी को हुकुम दे दीजिए कि जो भी फटे नोट लाते हैं उनको बदल दें। इस तरह फटा हुआ नोट एक रुपए का, दो रुपए का भी हो या पांच रुपए का भी हो, वह बाजार से खत्म कर दीजिए।...(**व्यवधान**)...

SHRI JOHN F. FERNANDES: Authorise all the scheduled banks to accept these notes and then give coins in retrun. Only the State Bank of India is doing that and other banks are not doing it.

**श्री यशवन्त सिन्हा:** सर, जो हनुमनतप्पा साहब ने सुझाव रखा है, बहुत अच्छा सुझाव है। मैं उसी पर आ रहा था कि चूंकि अब इन नोटों का छपना बंद हो गया है और इन नोटों को हम रिप्लेस कर रहे हैं सिक्कों से।...(**व्यवधान**)...

**श्रीमती सरोज दुबे (बिहार):** सर, एक के नोट की बहुत उपयोगिता है। आप जानते हैं, भारत में जहां कहीं भी कोई सगुन की चीज दी जाती है तो 501/- रुपया, 101/- रुपया या 51/- रुपया इस तरह करके दिया जाता है। इसलिए एक रुपए के नोट का बहुत महत्व होता है क्योंकि सिक्का उसमें रखने से बड़ी असुविधा होती है। इसलिए मैं चाहूंगी कि एक रुपए के नोट का छापना बंद न हो तो अच्छा रहेगा।...(**व्यवधान**)...

**श्रीमती उर्मिला चिमनभाई पटेल:** डिसीज़न तो हो गया है लेकिन उनकी यह बात बहुत सच है कि अगर जेब में 50 रुपए के क्वाएन्स लेकर निकलना पड़े तो बहुत मुश्किल होती है। तो अगर प्लास्टिक के नोट इस डाइमेंशन में शुरू किए जाएं तो ठीक रहेगा।

**श्री यशवन्त सिन्हा:** उपसभाध्यक्ष जी, मैं कह रहा था कि जो सुझाव अभी श्री एच॰ हनुमनतप्पा जी ने दिया है, वह विचारणीय है। इट इज़ ए वेरी गुड सजेशन फार ऐक्सन। लेकिन उसमें अभी फिलहाल एक दिक्कत यह है कि क्वाएन्स की भी शार्ट सप्लाई है। मेरे पास आंकड़े हैं कि कितनी शार्ट सप्लाई है लेकिन उसके विस्तार में मैं अभी जाना नहीं चाहता।

यहां पर बात उठाई गई कि हम उनका आयात क्यों कर रहे हैं? हम सिक्कों का भी और नोटों का भी आयात कर रहे थे और मैं आपको कहना चाहता हूं कि सही कारणों के चलते हम आयात कर रहे थे। मैं उनकी कोई आलोचना नहीं कर रहा हूं, उस समय की जो संयुक्त मोर्चा की सरकार थी, उसने तय किया कि देश में जो एक भयंकर अभाव की स्थिति बन गई है, जो सिक्कों और नोटों की कमी हो गई है, उसके लिए उन्होंने तय किया कि इतने मिलियन पीसिस सिक्के और इतने मिलियन पीसिस नोट हम इम्पोर्ट करेंगे और उस इम्पोर्ट का काम करीब-करीब समाप्त हो चुका है, सारे नोट आ चुके हैं लेकिन फिर भी सिक्कों की और नोटों की कमी इस देश में हम महसूस कर रहे हैं। अब दिक्कत जो हनुमनतप्पा जी के सुझाव को तत्काल मानने में है, वह यह है कि जब तक इस कमी को हम पूरा नहीं कर लें तब तक हम अगर उनको रोक भी देते हैं, फटे-पुराने नोट जो चल रहे हैं तो उससे असुविधा बढ़ सकती है। इसलिए यह विचारणीय विषय है। मैं यह कहना चाहूंगा, जब मैं अंत में आऊंगा, कि हमने कई कदम उठाए हैं।

श्री फर्नांडिस ने जो प्रश्न उठाया है, उसके उत्तर में मैं कहना चाहता हूं कि जितने करेंसी चैस्ट माने जाते हैं, वे स्थान जहां रिज़र्व बैंक के करेंसी चैस्ट हैं, वहां पर ये इंस्ट्रक्सन्स हैं कि जो इन 1, 2 और 5 के फटे-पुराने नोटों को लेकर आ रहा है, उनको वे तत्काल बदलें और मैं माननीय सदस्यों से निवेदन करना चाहता हूं कि यदि आपके ध्यान में कहीं इस प्रकार की बात आती है कि कहीं कोई

जाता है और उसके साथ सही व्यवहार नहीं हुआ, बदलने से किसी ने इन्कार किया, तो आप उसे निश्चित रूप से मेरे ध्यान में लाएं क्योंकि ऐसी इंस्ट्रक्सन्स हैं और यदि उसके अनुपालन में कहीं कोई कठिनाई है तो मैं उसको जरूर सुनिश्चित करूंगा, लेकिन इस सदन के माध्यम से मैं कहना चाहता हूं कि जिनके हाथ में 1, 2 या 5 के फटे-पुराने नोट हैं, वे उनको ले जाकर तत्काल, बदलने का प्रयास करें।

अब यहां पर यह कहा गया, जैसे कुमार साहब ने कहा, कि हम इंक इम्पोर्ट कर रहे हैं, यू.के. के साथ कोई समझौता हुआ है। जहां तक मेरी सूचना है, हम इंक इम्पोर्ट नहीं कर रहे हैं। हम इंक उसी कम्पनी से ले रहे हैं जो इस देश में इंक बनाने की कम्पनी है, सारा हमारा आर्डर उसी को जा रहा है और हमारा अभी कोई यू.के. के साथ इस प्रकार का समझौता नहीं है कि हम उनके यहां से इसको इम्पोर्ट करेंगे।

एक बात काउंटर फीटिंग के बारे में कहीं गई। विदेशों में नोट प्रिंट हो रहे हैं तो ज़ाहिर है कि चिंता होगी कि कहीं वहां कोई काउंटर फीटिंग न करे, डुप्लीकेट न छापे। उसी संदर्भ में मैं कहना चाहूंगा कि वहां जितने नोट छपे, वे देश मे आ गए हैं और अभी तक हमारे ध्यान में कोई इस प्रकार की बात नहीं आई है कि उनके छापने में या उनके ट्रांसपोर्ट में कहीं कोई कठिनाई हुई हो। लेकिन काउंटर फीटिंग एक समस्या है, डुप्लीकेट नोट छापे जा रहे हैं, जैसा गौतम जी ने कहा, मैं इस बारे में इतना ही कहना चाहूंगा कि हम लोगों ने, भारत ने प्रिंटिंग में, नोट छापने में जिन सेफ्टी फीचर्स को लागू किया है, उतना दुनिया के कम देशों में है। हम बहुत सावधान हैं, चौकन्ने हैं इसके बारे में और इसीलिए जो एक हजार रुपए के नोट छपेंगे उसमें भी यह ध्यान रखा जाएगा कि उसमें कोई इस प्रकार की बात न हो जिससे कि उसको आसानी से डुप्लीकेट किया जा सके। इसी के साथ-साथ मैं जॉन फर्नांडिस जी को सूचित करना चाहता हूं कि उसमें एक मेग्नेटिक थ्रेड की भी व्यवस्था रहेगी जिससे कि उसका आसानी से डुप्लीकेशन नहीं हो पाएगा। लेकिन इस पर हम बराबर कड़ी निगरानी रखे हुए हैं। जो हमारी जांच एजेंसियां हैं, गुप्तचर एजेंसियां हैं, उनको हमने आदेश दिया है कि वह इस पर नज़र रखें और अगर कहीं भी कुछ होता है तो तत्काल उस पर कार्यवाही की जाए। अपनी तरफ से जो कुछ बन पड़ता है, वह हम करने का प्रयास कर रहे हैं ताकि इसकी काउंटरफिर्टिंग न हो और इसमें कहीं कोई दिक्कत न आए।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SANATAN BISI): Mr. Minister, one minute. I have to take the sense of the House.

5 बजे कम्युनिकेशन मिनिस्टर का स्टेटमेंट है। उसे हम यह रिप्लाई खत्म होने के बाद ले लें।

SHRI S. VIDUTHALIA VIRUMBI (Tamilnadu): Sir, let him complete his observations.

**श्री यशवन्त सिन्हा:** एक अंतिम सुझाव जो उर्मिला जी ने दिया था और जिसका सदस्यों ने समर्थन किया है, वह यह था कि एक हजार रुपए के नोट पर हम बाबा साहब अम्बेडकर की फोटो अंकित करें। इस संदर्भ में मैं यह कहना चाहूंगा कि पिछली सरकार ने एक नीतिगत निर्णय लिया था कि हर नोट के ऊपर महात्मा गांधी की ही तस्वीर रहेगी। ऐसा एक नीतिगत निर्णय है लेकिन it is a good suggestion for action, and I will give whatever consideration the Government should give to a very important suggestion of this nature.

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं यह कहना चाहूंगा कि पूरी ईमानदारी के साथ आज की परिस्थिति को देखते हुए यह विधेयक लाया गया है। इससे एक यह फायदा जरूर होगा कि जब हॉयर डिनॉमिनेशन के नोट हम छापेंगे तो हमारे ऊपर जो दबाव है 10 रुपए, 50 रुपए और 100 रुपए के नोटों को छापने का, वह दबाव थोड़ा कम होगा। वे नोट हम ज्यादा मात्रा में छाप सकते हैं और जनता में इसका वितरण होना चाहिए, वह होगा। महोदय, इसके साथ ही साथ मैं यह भी कहना चाहता हूं कि हमने कई ऐसे उपाय किए हैं जैसे ट्रेड यूनियनों से बात करके हमने तय किया है कि 48 घंटे के बदले 54 घंटे काम करेंगे। नौएडा में जहां हमारी टकसाल (Mint) है, वहां हम सेकेंड शिफ्ट शुरू करने जा रहे हैं ताकि हम ज्यादा सिक्के बना सकें। बंगाल और कर्नाटक में नयी प्रिंटिंग प्रैसें लगी हैं। उनकी मशीनें आ गई हैं, कुछ चालू हो गई हैं, कुछ और आ रही हैं जो चालू होंगी। इस प्रकार हम आशान्वित हैं। हमें विश्वास है कि नोटों की और सिक्कों की जो शॉर्टेज आज के दिन है, उसे हम काबू करने में सफल होंगे।

**श्री नीलोत्पल बसु** (पश्चिमी बंगाल): सर, आपसे एक जानकारी लेनी थी। जो एक फ्रैंकिंग मशीन कलकत्ता मिंट में लगाने का प्रपोज़ल था, वह लटका हुआ था, उसके बारे में कोई फैसला हुआ?

**श्री यशवन्त सिन्हा:** अभी इसकी सूचना मेरे पास नहीं है, मैं आपको बता दूंगा।

**श्री नीलोत्पल, बसु:** आप थोड़ा फैसिलिटेट कर दीजिए।

श्री यशवन्त सिन्हा: ठीक है।

डा. (श्रीमती) उर्मिला चिमनभाई पटेल: नोटों के साईज के बारे में और सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र वाले एक और पांच रुपए के सिक्कों के बार में भी बता दीजिए।

श्री यशवन्त सिन्हा: ये जितनी बातें है, जैसे एक ही तरह के नोटों की बात है, 500 रुपए का नोट एक तरह का है, 100 रुपए का नोट एक तरह का है, ये सुझाव और भी आए हैं। मैं यह कहना चाहता हूं कि ये सारे सुझाव सरकार के ध्यान में हैं और आने वाले दिनों में हम प्रयास करेंगे कि इस प्रकार की दिक्कतें दूर हों।

उपसभाध्यक्ष महोदय, इन शब्दों के साथ मैं यह निवेदन करूंगा कि इन सब बातों को सुनने के बाद यह सदन सर्वसम्मति से यह तय करे कि इस विधेयक को लोक सभा को वापस भेजा जाए।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SANATAN BISI): Now I will put the motion to vote.

The question is:

"That the Bill further to amend the High Denomination Bank Notes (Demonetisation) Act, 1978, as passed by the Lok Sabha, be taken into consideration."

*The motion was adopted.*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SANATAN BISI): We shall now take up clause-by-clause consideration of the Bill.

*Clause 2 was added to the Bill.*

*Clause 1, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.*

SHRI YASHWANT SINHA: Sir, I beg to move:

"That the Bill be returned."

*The question was put and the motion was adopted.*

---

## STATEMENT BY MINISTER

### Postal Extra Departmental Agents

THE MINISTER OF COMMUNICATIONS (SHRI JAGMOHAN): Sir, Postal service in the rural areas is provided through the Extra Departmental System which comprises 1,27,162 ED Post Offices. The ED Agents which number 3,09,825 are employed for a period of 2 to 5 hours and are remunerated broadly on prorata basis with reference to the workload and the pay scales of corresponding categories of whole-time departmental employees. Their terms and conditions of service is governed by separate rules, namely, P&T EDA (Conduct & Service) Rules, 1964 framed in this behalf by the Director General, Posts.

Keeping in view the growth of postal services and the agency functions as also increasing cost of living and other factors, the Goverment have in the past set up 3 committees for Extra Departmental Agents for reviewing the benefits for the ED Agents including the rate of allowances and as a consequence a variety of benefits have flowed over the years to the ED Agents. These committees were set up in the context of Central Pay Commissions which were appointed by the Central Government for reviewing scales of pay and other conditions of service for regular Central Government employees.

A one-man Committee headed by Justice Charanjeet Talwar was set up by the Government on 31.3.95 to examine the wage structure and conditions of service of the ED Agents. Justice Talwar Committee submitted its report on 30th April, 1997 making wide-ranging recommendations which in effect place the ED Agents on equal footing with regular employees of the Central Government. The recommendations of this Committee were duly processed and Postal Staff Federations were also consulted. In November 1997 the Government decided that pending detailed consideration of the Committee's recommendations, the basic monthly allowance of different categories of ED Agents may be raised by a factor of 3.25 with effect from 1.1.96. This was, however, not acceptable to the Postal Staff Federations which insisted on implementation of the Justice Talwar Committee recommendations, particularly in regard to grant of first two scales of pay, pension, leave and gratuity for ED Agents in the first instance.